04.11.2024 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम
प्रादेशिक समाचार

- विधानसभा उप चुनाव के लिये प्रचार में तेजी–भाजपा और कांग्रेस नेताओं के पार्टी प्रत्याशियों के लिये कई जगह चुनावी दौरे।

- उप चुनाव के लिये आज से 6 विधानसभा क्षेत्रों में पात्र दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं द्वारा घर से मतदान की प्रक्रिया शुरू–दौसा में होम वोटिंग 6 नवम्बर से।

- जोधपुर में इन्वेस्टर्स मीट में 17 हजार 350 करोड़ रुपए के 289 एमओयू हुए।

- प्रदेश के अधिकतर स्थानों पर रात के तापमान में गिरावट। फतेहपुर में सबसे कम 12 दशमलव 7 डिग्री सैल्सियस तापमान दर्ज।

000000

प्रदेश की सात विधानसभा सीटों पर हो रहे उप चुनाव के लिये प्रचार तेज हो गया है। भाजपा और कांग्रेस के कई नेताओं ने आज पार्टी प्रत्याशियों के लिये विभिन्न स्थानों पर प्रचार किया। भाजपा नेता और उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आज टोंक जिले के दूनी में देवली–उनियारा से भाजपा प्रत्याशी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। इस मौके पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने पार्टी प्रत्याशी को विजयी बनाने की अपील की। भाजपा नेता और मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने आज दौसा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर पार्टी प्रत्याशी के लिये प्रचार किया। राज्य सरकार के कई मंत्री और पदाधिकारी भी भाजपा प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार में हुटे हैं। दूसरी आरे, कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने आज दौसा से कांग्रेस प्रत्याशी दीन दयाल बैरवा के समर्थन में भांडारेज, मेडोली, कोर्रा समेत कई गांवों में जनसंपर्क किया। उधर खींवसर में आरएलपी नेता हनुमान बेनीवाल पार्टी प्रत्याशी के चुनाव प्रचार में जुटे हैं।

00000

राज्य की सात विधानसभा सीटों के उप चुनाव के लिये आज से 6 क्षेत्रों में दिव्यांग मतदाताओं और बुजुर्गों के लिये घर से मतदान की सुविधा शुरू की गई है। पात्र दिव्यांग मतदाता और 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग 10 नवम्बर तक घर से वोट डाल सकेंगे। इस सुविधा के लिए 3 हजार से ज्यादा पात्र मतदाताओं ने आवेदन किया है। इनमें 2 हजार 365 बुजुर्ग और 828 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं। निर्वाचन विभाग की ओर से होम वोटिंग के लिए कुल 87 टीम बनाई गई हैं। झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र में नयासर निवासी 100 वर्षीय बुजूर्ग महिला राबिया बानो ने घर से वोट डाला। इस क्षेत्र से 585 पात्र मतदाताओं ने इस सुविधा के तहत पंजीकरण करवाया है। उधर, डूंगरपुर के चौरासी में आज 85 साल की बुजुर्ग महिला धापू ने सबसे पहले मतदान किया। यहां पर 319 बुजुर्ग ओर दिव्यांग मतदाताओं ने होम वोटिंग के लिए पंजीकरण करवाया है। सलूम्बर में होम वोटिंग के लिए 12 समर्पित मतदान दलों का गठन किया गया है। जिले में 683 मतदाताओं ने घर से वोट डालने की सुविधा के लिये पंजीकरण कराया है। वहीं दौसा में होम वोटिंग 6 नवम्बर से शुरू होगी। रामगढ़, दौसा, देवली–उनियारा, झुंझुनूं, खींवसर, सलूम्बर और चौरासी विधानसभा क्षेत्रों में 30 अक्टूबर को सैनिकों को मतपत्र जारी होने के साथ ही मतदान की औपचारिक शुरूआत हो गई थी। ये मतपत्र 23 नवम्बर को मतगणना शुरू होने से पहले तक स्वीकार किए जाएंगे। इन क्षेत्रों में 13 नवम्बर को ईवीएम के जरिए वोट डाले जाएंगे। वोटों की गिनती 23 नवम्बर को की जाएगी। इस बीच सातों सीटों पर सुगम मतदान के लिये प्रशासनिक तैयारियां जारी है। डूंगरपुर जिले के चौरासी विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक के. विवेकानंदन

ने उपचुनाव के लिए स्थापित एकीकृत नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर हेट स्पीच और भ्रामक कंटेंट पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए। श्री विवेकानंदन ने डूंगरपुर एसपीबी कॉलेज में स्ट्रोंग रूम, मतदान दलों की रवानगी से पहले प्रशिक्षण स्थल और मतगणना स्थल की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया।

0000

प्रदेश में सात सीटों पर हो रहे उपचुनावों के बीच नागौर के पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखवीर सिंह चौधरी सहित 14 नेताओं ने आज भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। भाजपा के प्रदेश कार्यालय में आयोजित हुए कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और प्रदेश उपाध्यक्ष ज्योति मिर्धा की मौजूदगी में नागौर की राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाने वाले कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष सुखवीर सिंह चौधरी ने सरपंच, जिला परिषद सदस्य, पूर्व सदस्यों के साथ भाजपा परिवार की सदस्यता ग्रहण की। इसके अलावा सवाई माधोपुर से पार्षद असीम खां ने भी भाजपा में विश्वास जताते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।
इस मौके पर श्री राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज आमजन भाजपा की रीति और नीति में विश्वास जता रहा है।

000000

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि लोक प्रशासन में संलग्न लोगों को राष्ट्रवाद के मूल्य के प्रति कटिबद्ध होना चाहिए। उन्हें एक विकसित और एकजुट भारत के विश्वास के साथ बगैर किसी डर और पक्षपात के सभी भारतीयों की सेवा करनी चाहिए। वे आज नई दिल्ली में भारतीय लोक प्रशासन संस्थान की आम सभा की 70वीं वार्षिक बैठक को संबोधित कर रहे थे। श्री धनखड़ ने कहा कि देश तेजी से औपनिवेशिक मानसिकता को छोड़ रहा है। उन्होंने कहा कि डेटा समाज की जरूरतों का आकलन करने का बुनियादी आधार है।

000000

केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री बीएल वर्मा एक दिन के दौरे के तहत आज चित्तौड़गढ़ पहुंचे। उन्होंने सर्किट हाऊस में पत्रकारों बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की आर्थिक नीतियों और विकास के विजन के चलते आज भारत की अर्थव्यवस्था 11वें स्थान से 5वें स्थान पर आ गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का विजन है कि 2047 में भारत जब आजादी के 100 वर्ष पूरे कर रहा होगा तब हम एक विकसित राष्ट्र बन चुके होंगे। केन्द्रीय राज्य मंत्री ने आज सांवलिया जी मंदिर में दर्शन कर देश की सुख समृद्धि की कामना की।

000000

राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट से पहले स्थानीय स्तर पर हो रहे इन्वेस्टर्स मीट की श्रृंखला में आज जोधपुर में आयोजन हुआ। संसदीय कार्य, विधि और न्याय मंत्री जोगाराम पटेल की मौजूदगी में जोधपुर के 289 निवेशकों से एमओयू किया गया। इससे जिले में 17 हजार 350 करोड़ रुपए का नया निवेश आएगा। साथ ही रोजगार के 57 हजार नये अवसर सृजित होंगे। कार्यक्रम में सांसद राजेंद्र गहलोत, नगर निगम दक्षिण की महापौर वनिता सेठ, विधायक अतुल भंसाली, और देवेंद्र जोशी, जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान एक जिला एक उत्पाद योजना के तहत चयनित उत्पादों के अलावा जोधपुर के विशिष्ट उत्पादों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

000000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज कोटा में भामाशाह कृषि उपज मंडी में कोटा ग्रेन एंड सीड्स मर्चेंट एसोसिएशन द्वारा दीपावली के बाद आयोजित मुहूर्त पूजन में भाग लिया। श्री बिरला ने विधिवत पूजा और आरती कर नीलामी की शुरुआत की और अन्नदाता किसानों के लिए अच्छी उपज और सुख–समृद्धि की कामना की। देश की बड़ी अनाज मंडियों में शामिल भामाशाह मंडी में हर साल दीपावली के बाद नई फसल के लिए मुहूर्त पूजन किया जाता है।

0000

पूर्व मंत्री गुरजंटसिंह बराड़ की पार्थिव देह का आज उनके पैतृक गांव पांच एलएनपी में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस की ओर से उन्हें सलामी दी गई। इससे पहले गांव उनके आवास पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और आम जन ने उनके अन्तिम दर्शन किये।

0000

प्रदेश में गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव पखवाडे के तहत कई धार्मिक आयोजन हो रहे है। भरतपुर के बयाना मे आज इसी सिलसिले में प्रभात फेरी निकाली गई। कस्बे के मुख्य मार्गों से निकाली गई प्रभात फेरी गुरुद्वारा पर जाकर सम्पन्न हुई । इस दौरान गुरुद्वारा में शबद कीर्तन का आयोजन किया गया और सत्य के मार्ग पर चलने के नानक जी द्वारा दिये गए संदेश को आत्मसात करने की सीख दी गई । बाद में अटूट लंगर का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

0000

प्रदेश में रात के समय ठंडक में बढोतरी होने लगी है। अधिकतर स्थानों पर रात के तापमान में गिरावट हुई है। सबसे ज्यादा साढे 9 डिग्री की गिरावट फलौदी के तापमान में हुई है। हाल फिलहाल प्रदेश के 6 स्थानों पर रात का पारा 15 डिग्री सैल्सियस या इससे नीचे आ गया है। आज सबसे कम 12 दशमलव 7 डिग्री सैल्सियस तापमान सीकर के फतेहपुर में दर्ज किया गया। जयपुर में रात के पारे में सवा तीन डिग्री की गिरावट हुई और ये 19 दशमलव 8 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आगामी रविवार तक मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई है।

0000

पाली में इस बार मानसून के मेहरबान रहने के कारण किसानों को सिंचाई के लिये जवाई बांध से 4 बार पानी दिया जाएगा। पश्चिमी राजस्थान के सबसे बड़े जवाई बांध से रबी की फसल की सिंचाई के लिए नहरे खुलने से पहले जल संसाधन विभाग द्वारा नहर की सफाई की जा रही है। नहर की सफाई होने से अंतिम छोर तक के किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिल सकेगा।

0000

शाहपुरा में आज पानी के गड्ढे में डूबने से 2 बच्चों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार ये दोनों बच्चे अपने घर से स्कूल में टेबल टेनिस खेलने का कहकर निकले थे। एक बच्चे की गड्डे में डूबने से मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़।

0000

सवाई माधोपुर–रणथंभौर राष्ट्रीय बाघ अभ्यारण्य के कचिदा वन क्षेत्र में कल मृत पाए गए नर बाघ टी 86 का आज राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण छज्ब। के प्रोटोकॉल के अनुसार अंतिम संस्कार किया गया। इससे पहले बाघ का पोस्टमार्टम किया गया। गौरतलब है कि शनिवार को उलियाना गांव के पास एक व्यक्ति की बाघ के हमले के बाद मौत हो गई थी। इस वन क्षेत्र में टी 86 विचरण करता था। बाघ के हमले के बाद वन विभाग के कर्मचारी इस बाघ को ढूंढ रहे थे।

0000

बाड़मेर के आदर्श स्टेडियम में आज से सह–योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर और निःशुल्क इंटीग्रेटेड योग शिविर शुरू हुआ। 25 दिन तक चलने वाले योग शिविर में सवेरे डेढ़ घंटे योगाभ्यास किया जाएगा।

0000

सीबीआई की जोधपुर शाखा द्वारा आज भीलवाड़ा रेलवे स्टेशन पर भ्रष्टाचार के विरुद्ध जन जागरूकता शिविर शुरू हुआ। दो दिन के इस शिविर के जरिये लोगों को भ्रष्टाचार के विरूद्ध जागरूक किया जा रहा है। सीबीआई के अधिकारी ने बताया कि केन्द्र सरकार के कार्यालयों, सार्वजनिक उपक्रमों, बैंकों, बीमा कम्पनियों में व्याप्त भ्रष्टाचार जैसे रिश्वत की मांग, आय से अधिक सम्पत्ति, पद के दुरुपयोग से सम्बधित शिकायत सीबीआई टीम के समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर या लिखित या मौखिक रुप में दी जा सकती है। जोधपुर सीबीआई द्वारा इसी तरह का शिविर बालोतरा में भी लगाया गया है। इसमें सीबीआई के इंस्पेक्टर लोगों की शिकायतें ले रहे हैं।

0000